कार्यालय, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–: शिविरा/माध्य/खेलकूद–3/शाला क्रीडा संगम केन्द्र/2019–20/ दिनांक 15/07/19

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक (मुख्यालय) शिक्षा
जयपुर/कोटा/बीकानेर/जोधपुर
उदयपुर/श्रीगंगानगर/अजमेर

विषय :– शाला क्रीड़ा संगम केन्द्र की सूचना भेजने सम्बन्ध में ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जिन विद्यालयों में स्वयं के खेल मैदान नहीं होते है ऐसे विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्रा खिलाड़ियों को खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आपके जिले में शाला क्रीड़ा संगम योजना संचालित है, जिसके लिए प्रतिवर्ष 40,000/– रूपये का बजट आवंटन विभाग द्वारा मैदान रख रखाव एवं खेल उपकरणों के क्रय हेतु आबंटित किया जा रहा है ।

इस योजना के तहत आपको पूर्व में मासिक/त्रैमासिक प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रस्तुत करने हेतु समय–समय पर लिखा जा चुका है लेकिन खेद का विषय है कि आपके द्वारा इसकी पालना नहीं की जा रही है। इस योजना के तहत जो भी केन्द्र/उपकेन्द्र आपके जिले में संचालित है उनके पूर्ण नियन्त्रण, निरीक्षण एवं इसके क्रियान्वयन हेतु आपको नोडल अधिकारी बनाया हुआ है ।

इस योजना के तहत संचालित केन्द्रों की उपायदेयता, एवं जो केन्द्र योजनान्तर्गत उद्देश्यों के अनुसार संचालित नहीं हो रहे है, उनके पुर्नगठन/समाप्त किया जाना प्रस्तावित है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि निम्नाकिंत बिन्दुओं के परिपेक्ष्य में समुचित जानकारी अविलम्ब उपलब्ध करावें एवं भविष्य में मासिक प्रतिवेदन नियमित रूप से इस कार्यालय को प्रस्तुत करें :–

01. आपके जिले में कुल कितने केन्द्र एवं इसके उपकेन्द्र संचालित है, की सूचना निम्नाकिंत प्रारूप में प्रस्तुत करें :–

(विगत पांच वर्षो से प्रारम्भ करते हुए वर्तमान तक की अवधि के लिए)

केन्द्र/उपकेन्द्र का नाम एवं इसका पूर्ण पता जहां यह संचालित है	केन्द्र/उपकेन्द्र पर कार्यरत प्रभारी शारीरिक शिक्षक का नाम	उपलब्ध खेल मैदानों का पूर्ण विवरण	उपलब्ध खेल सामग्री/उपकरणों का पूर्ण विवरण	केन्द्र/उपकेन्द्र/खेल मैदान किसके स्वामित्व में है, का पूर्ण विवरण

02. इन केन्द्र/उपकेन्द्रों पर आने वाले विद्यालयों एवं इसके छात्र–छात्राओं की पूर्ण सूचना निम्नाकिंत प्रारूप में प्रस्तुत की जावे :–

केन्द्र/उपकेन्द्र का नाम.. माह एवं वर्ष ....

सम्बद्व विद्यालय का नाम	सम्बद्ध विद्यालय के खिलाड़ी का विवरण				केन्द्र/ उपकेन्द्र पर उपस्थिति दिनांक एवं समय
	खिलाड़ी का नाम	कक्षा	सम्बद्व खेल	विद्यालय का प्रभारी/शारीरिक शिक्षक जो खिलाड़ी के साथ रहा	

नोट–: यह सूचना सत्र 2017–18 से वर्तमान अवधि तक प्रस्तुत करनी है एवं यहां यह ध्यात्व है कि सूचना पूर्ण एवं अधिकृत होनी चाहिए क्योंकि आपके द्वारा प्रस्तुत सूचना का सत्यापन इस कार्यालय द्वारा अपने स्तर पर करवाया जावेगा। इसमें किसी प्रकार की असत्यता पायी जाने पर आपके विरूद्व नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जावेगी ।

03. आपके केन्द्र को विगत पांच वर्षों में इस कार्यालय द्वारा आवंटित राशि एवं इसके उपयोग की सूचना निम्नांकित प्रारूप में प्रस्तुत की जावे :–

वर्ष	आवंटित बजट राशि	उपयोग राशि	आवंटित राशि के उपयोग का विवरण			सम्बद्व स्टाक पंजिका का क्रमांक / दिनांक
			खेल सामग्री का नाम	संख्या	मूल्य	

04. शाला क्रीड़ा संगम केन्द्र / उपकेन्द्र का आपके स्तर पर निरीक्षण कितनी बार एवं कब–कब किया गया, का पूर्ण विवरण ।

05. शाला क्रीड़ा संगम केन्द्र / उपकेन्द्र पर आने वाले विद्यालयों का जिला स्तरीय प्रतियोगताओं में भागीदारी का पूर्ण विवरण।

06. शाला क्रीड़ा संगम केन्द्र / उपकेन्द्र के क्रियान्यवन हेतु सम्बद्व प्रभारी द्वारा किस प्रकार का अभिलेख / पंजिका संधारित की जाती है, का पूर्ण विवरण ।

शाला क्रीड़ा संगम केन्द्र / उपकेन्द्र की उपादेयता आदि के बारे में आपकी टिप्पणी सहित उपरोक्त वांछित सूचना रिकार्ड सहित पत्र प्राप्ति के 07 दिवस में इस कार्यालय को उपलब्ध करावें ।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान,बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. संयुक्त निदेशक (सिस्टम एनालिस्ट), कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।
02. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा बीकानेर / जयपुर / जोधपुर / कोटा / भरतपुर / अजमेर मण्डल को प्रेषित कर लेख है कि अपने अधीनस्थ संबधित शाला क्रीडा संगम संचालित जिशिअ (मुख्यालय) माध्यमिक को सूचना समयावधि में इस कार्यालय को प्रेषित करने हेतु पांबद कर, की गई कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवतगत करावें।
03. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर